तलमारूभइत्ता तलाओ तलफलं पवालेइवा पवाडेइवा तावंचणं से पुरिसे काइयाए जाव पंचहिं किरिया पुट्ठे; जेसिं पियणं जीवाणं सरीरेहिंतो तले णिव्वत्तिए तलफले णिव्वत्तिए तेविणं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे ॥ ५ ॥ अहेणं भंते ! से तल-फले अप्पणो गुरूयत्ताए जाव पच्चोवयमाणा, जाइं तत्थ पाणाई जाव जीवियाओ ववरोवेइ, तएणं भंते ! से पुरिसे कतिकिरिए ? गोयमा ! जावचणं से पुरिसे तल-फले अप्पणो गुरूयत्ताए जाव जीवियाओ ववरोवेइ, तावचणं से पुरिसे काइयाए जाव चउहिं किरियाहिं पुट्ठे ॥ जेसिं पियणं जीवाणं सरीर हिंतो तलेणिव्वत्तिए तेविणं

फल को चलाता हुवा नीचे डालता हुवा वह पुरुष कितनी क्रियाओं करे ? अहो गौतम ! जब लग वह ताल वृक्षपर चढता है और चढकर उस के फल चलाता है अथवा नीचे डालता है वहां लग उस को कायिकादि पांचों क्रियाओं लगती है. और जिन जीवों क शरीर से ताल बना हुवा है उन जीवों को भी कायिकादि पांच क्रियाओं लगती हैं ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! वह ताल फल अपनी गुरुता से यावत् नीचे गिरे और प्राणों की घात होवे अहो भगवन् ! उस पुरुष को कितनी क्रियाओं लगती है ? अहो गौतम ! जहां लग वह पुरुष ताल वृक्षपर आरूढ होकर रहा है और उस का फल अपनी गुरुता से नीचे आकर गिरता है और मार्ग में

जीवा काइयाए जाव चउहिं किरियाहिं पुट्ठे ॥ जेसिं पियणं जीवाणं सरीरेहिंतो तलफले णिव्वत्तिए तेविणं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा ५ जेवियसे जीवा अहे वीससाए, पच्चोवयमाणस्स उग्गहे वट्टंति, तेवियणं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहि पुट्ठा ६ ; ॥ ६ ॥ पुरिसेणं भंते ! रुक्खस्स मूलं पवालेमाणेवा पवाडेमाणेवा कइकिरिए ? गोयमा ! जावंचणं से पुरिसे रुक्खस्स मूलं पवालेइवा पवाडेइवा, तावंचणं से पुरिसे काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे ॥ जेसिंपियणं जीवाणं सरीरेहिंतो मूले णिव्वत्तिए जाव बीए णिव्वत्तिए तेविणं जीवा काइयाए

प्राणों की घात करता है वहांलग उस पुरुष को चार क्रियाओं कही हैं क्योंकी उस पुरुष के योग से उसकी घात नहीं हुई है. जिन जीवों के शरीर से ताल बना हुवा है उन जीवों को कायिकादि चार क्रियाओं लगती है. और जिन जीवों के शरीर से तालफल बना हुवा है उन जीवों को कायिकादि पांच क्रियाओं लगती हैं. और जो जीवों स्वभाव से ही नीचे आते हैं उन जीवों को भी कायिकादि पांच क्रियाओं लगती हैं ॥ ६ ॥ अहो भगवन् ! कोई पुरुष वृक्ष के मूल को चलाता व नीचे डालता कितनी क्रियाओं करे ? अहो गौतम ! जहां लग वह पुरुष वृक्ष के मूल को चलाता व नीचे गिराता है

जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा ॥ ७ ॥ अहेणं भंते ! से मूले अप्पणो गुरुयत्ताए जाव जीवियाओ ववरोवेइ तएणं से पुरिसे कइ किरिए ? गोयमा ! जावं चणं मूले अप्पणो जाव ववरोवेइ तावं चणं से पुरिसे काइयाए जाव चउहिं किरियाहिं पुट्ठे, जेसिंपिणं सरीरेहिंतो कंदे णिव्वत्तिए जाव बीए णिव्वत्तिए तेविणं जीवा काइयाए जाव चउहिं किरियाहिं पुट्ठा ; जेसिंपियणं जीवाणं सरीरेहिंतो मूले णिव्वत्तिए तेविणं जीवा काइयाए जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा, ॥ ८ ॥ जेवियणं से जीवा अहे वीस-

वहां लग वह पुरुष कायिकादि पांच क्रियाओं से स्पर्शाया हुवा है. जिन जीवों के शरीर से मूल यावत् बीज बना हुवा है उन को भी कायिकादि पांच क्रियाओं लगती हैं ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! वृक्ष के मूल अपनी गुरुता से नीचे आवे यावत् प्राणों को जीवित से पृथक् करे तब उस पुरुष को कितनी क्रियाओं लगे ? अहो गौतम ! जहां लग अपनी गुरुता से यावत् जीवित से पृथक् करता है वहां लग वह पुरुष कायिकादि चार क्रियाओं से स्पर्शाया हुवा है. जिन जीवों के शरीर से कंद यावत् बीज बना हुवा है उन जीवों को भी कायिकादि चार क्रियाओं लगती हैं और जिन जीवों के शरीर से मूल बना हुवा है उन जीवों को कायिकादि पांच क्रियाओं स्पर्शी हुई हैं ॥ ८ ॥ स्वभाव से नीचे आते मार्ग में जो जीवों

सूत्र

साए पच्चोवयमाणस्स उग्गहे वट्टंति तेविणं जीवा काइयाए जाव पंचहिं पुट्ठा ॥ ९ ॥ पुरिसेणं भंते ! रुक्खस्स कंदं पचा० ? गोयमा ! जावं चणं से पुरिसे जाव पंचहिं किरियाहिं पुट्ठे जेसिंपियणं जीवाणं सरीरेहिंतो मूले णिव्वत्तिए जाव बीए णिव्वत्तिए ते विणं जीवा पंचहिं किरियाहिं पुट्ठा ॥ १० ॥ अहगं भंते ! से कंदे जावं चणं से कंदे अप्पणो जाव चउहिं पुट्ठे, जेसिंपियणं जीवाणं सरीरहिंतो मूल निव्वत्तिए खंधे णिव्वत्तिए जाव चउहिं पुट्ठा, जेसिंपियणं जीवाणं सरीरेहिंतो कंदे णिव्वत्तिए, तेविणं जीवा जाव पंचहिं पुट्ठो ; जेविय से जीवा अहे वीससाए पच्चोवय जाव

भावार्थ

रहे हैं वे कायिकादि पांच क्रियाओं से स्पर्शे हुवे हैं ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ! वृक्ष के कंद चलाते व नीचे गिराते कितनी क्रियाओं लगे ? अहो गौतम ! जब लग वह पुरुष कंद चलाता है यावत् पांच क्रियाओं. जिन जीवों के शरीर से मूल यावत् बीज बना हुवा है उन जीवों को भी पांच क्रियाओं लगे. ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! वह कंद अपनी गुरुता से नीचे आवे तो कितनी क्रियाओं लगे ? वगैरह पूर्वोक्त जैसे यावत् चार क्रियाओं लगे. जिन जीवों के शरीर से कंद बना हुवा है उन जीवों को भी पांच क्रियाओं लगी है. और स्वभाव से नीचे आते यावत् पांच क्रियाओं लगे. जैसे कंद का कहा वैसे ही बीज का

पंचहिं पुट्ठा जहा कंदए । एवं जाव बीर्य ॥ ११ ॥ कइणं भंते ! सरीरया पण्णत्ता? गोयमा ! पंच सरीरया पण्णत्ता, तंजहा-ओरालियं जाव कम्मए ॥ १२ ॥ कइणं भंते ! इंदिया पण्णत्ता ? गोयमा ! पंचइंदिया पण्णत्ता, तंजहा-सोइंदियं जाव फासिं-दियं ॥ १३ ॥ कइविहेणं भंते ! जोए पण्णत्ते ? गोयमा ! तिविहे जोए पण्णत्ते, तंजहा-मणजोए वयजोए कायजोए ॥ १४ ॥ जीवेणं भंते ! ओरालियसरीरेणं णिव्वत्तिएमाणे कइकिरिए ? गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय पंच किरिए, एवं पुढवीकाइएवि, एवं जाव मणुस्से ॥ १५ ॥ जीवाणं भंते ! ओरालिय

जानना. ॥ ११ ॥ अहो भगवन् ! शरीर कितने कहे हैं ! अहो गौतम ! शरीर पांच कहे हैं. जिन के नाम उदारिक शरीर वैक्रेय शरीर, आहारक शरीर, तेजस शरीर व कार्माण शरीर ॥ १२ ॥ अहो भगवन् ! इन्द्रियों कितनी कही हैं ? अहो गौतम ! इन्द्रियों पांच कही है. श्रोत्रेन्द्रिय यावत् स्पर्शेन्द्रिय ॥ १३ ॥ अहो भगवन् ! योग कितने कहे हैं ? अहो गौतम ! योग तीन कहे हैं १ मन योग २ वचन योग व ३ काया योग ॥ १४ ॥ अहो भगवन् ! उदारिक शरीर बनाते हुवे जीवों को कितनी क्रियाओं लगे ? अहो गौतम ! क्वचित् चार व क्वचित् पांच क्रियाओं लगे, ऐसे ही पृथ्वीकाया का यावत् मनुष्य तक कहना

सरीरणिव्वत्तिएमाणा कइकिरिया ? गोयमा ! तिकिरियावि चउकिरियावि पंच किरियावि, ॥ पुढवीकाइयावि ॥ एवं जाव मणुस्सा ॥ एवं वेउव्विय सरीरेणवि दोदंडगा, णवरं जस्स अत्थि वेउव्वियं एवं जाव कम्मग सरीरं ॥ एवं सोइंदियं जाव फासिंदियं ॥ एवं मणजोगं वइजोगं कायजोगं, जस्स जं अत्थि तं भाणियव्वं, एते एगत्तपुहत्तेणं छव्वीस दडगा ॥ १६ ॥ कइविहेण भंते ! भावे पण्णत्ते ? गोयमा ! छव्विहे भावे पण्णत्ते, तंजहा-उदइए उवसमिए जाव सण्णिवाइए ॥ सेकिंतं उदइए भावे ? उदइए भावे दुविहे पण्णत्ते, तंजहा-ओदएय उदयणिप्पण्णेय । एवं एएणं

॥ १५ ॥ अहो भगवन् ! उदारिक शरीर बनाने वाले जीवों को कितनी क्रियाओं लगे. ? अहो गौतम ! तीन चार पांच क्रियाओं लगे ऐसे ही पृथ्वी काय यावत् मनुष्य का जानना. ऐसे ही वैक्रेय शरीर के भी एक जीव व अनेक जीव आश्री दो दंडक कहे हैं. विशेषता इतनी कि जिन को जितने शरीर हैं उन को उतने कहना. ऐसे ही कार्माण शरीर तक कहना. ऐसे ही श्रोत्रेन्द्रिय यावत् स्पर्शेन्द्रिय का जानना. मनयोगी, वचन योगी व काया योगी का भी वैसे ही जानना. ॥१६॥ अहो भगवन् ! भाव के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! भाव के छ भेद कहे हैं औदयिक भाव, औपशमिक भाव यावत् सान्निपातिक भाव.-अहो

अभिलावेणं जहा अणुओगदारे छणामं तहेव णिरवसेसं भाणियव्वं जाव सेतं सण्णि-वाइए भावे ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसस्स सयस्स पढमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १ ॥

से, णूणं भंते! संजयविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे धम्मेट्ठिए असंजयअविरय अपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे अहम्मेट्ठिए, संजयासंजए धम्माधम्मेट्ठिए? हंता गोयमा! संजयविरय जाव धम्माधम्मेट्ठिए ॥ १ ॥ एएसिणं भंते! धम्मंसिवा

भगवन्! औदयिक भाव किसे कहते हैं? अहो गौतम! औदयिक भाव के दो भेद कहे हैं। औदायिक व उदयनिष्पन्न वगैरह जैसे अनुयोग द्वार में छ नाम कहे हैं. वैसा सब यहां पर विशेषता रहित कहना. अहो भगवन्! आप के वचन सत्य हैं यह सतरहवा शतक का पहिला उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ १ ॥

पहिले उद्देशे के अंत में भाव का कथन किया. उन भाववाले संयति होते हैं. इसलिये आगे संयति का कथन करते हैं. अहो भगवन्! प्रत्याख्यान से पाप कर्म को नष्ट करनेवाले संयति विरति क्या धर्म में स्थित कहा जाता है? प्रत्याख्यान से पाप कर्म नहीं नष्ट करनेवाला अविरति असंयति क्या अधर्म में स्थित कहा जाता है? अथवा संयतासंयति धर्माधर्म में स्थित कहा जाता है? हां गौतम! संयति धर्म में स्थित यावत् संयतासंयति धर्माधर्म में स्थित कहे जाते हैं ॥१॥ अहो भगवन्! इन धर्म, अधर्म व धर्माधर्म में

अहम्मंसिवा धम्माधम्मंसिवा चक्किया केइ आसइत्तएवा जाव तुयट्टित्तएवा ? णो इणट्ठे समट्ठे ॥ से केणट्ठेणं खाइ अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव धम्माधम्मेट्ठिए ? गोयमा ! संजय विरय जाव पावकम्मे धम्मेट्ठिए धम्मंचेव उवसंपज्जित्ताणं विहरइ, असंजयपावकम्मे अहम्मेट्ठिए अहम्मंचेव उवसंपज्जित्ताणं विहरइ, संजया संजए धम्माधम्मेट्ठिए धम्माधम्मं उवसंपज्जित्ताण विहरइ, से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव ट्ठिए ॥ २ ॥ जीवाणं भंते ! किं धम्मेट्ठिया अहम्मेट्ठिया धम्माधम्मेट्ठिया ? गोयमा !

कोई बैठने को, उठने को यावत् सोने को क्या समर्थ है ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है. क्योंकि धर्म व धर्माधर्म अरूपी है. अहो भगवन् ! किस कारन से ऐसा कहा गया है कि संयाति धर्म में स्थित है यावत संयतासंयाति धर्माधर्म में स्थित है ? अहो गौतम ! प्रत्याख्यान से पाप कर्म का रूंधन करनेवाले विरति संयाति धर्म में स्थित हैं और धर्म का ही आश्रय ग्रहण कर विचरते हैं. असंयाति अधर्म में स्थित रहते हैं और अधर्म का ही आश्रय ग्रहण कर विचरते हैं वैसे ही संयतासंयाति धर्माधर्म में स्थित हैं और धर्माधर्म का आश्रय ग्रहण कर विचरते हैं. इसलिये ऐसा कहा गया है यावत् धर्माधर्म में स्थित हैं ॥ २ ॥ अहो भगवन् ! बहुत जीव क्या धर्म में स्थित हैं अधर्म में स्थित हैं या धर्माधर्म में स्थित हैं ?

जीवा धम्मेवि ट्ठिया अहम्मेविट्ठिया, धम्माधम्मेविट्ठिया ॥ णेरइयाणं भंते ! पुच्छा ? गोयमा ! णेरइया णो धम्मेट्ठिया, अहम्मेट्ठिया, णो धम्माधम्मेट्ठिया, एवं जाव चउरिंदियाणं ॥ पंचिंदियतिरिक्ख जोणियाणं पुच्छा ? गोयमा ! पंचिंदियतिरिक्ख जोणिया णो धम्मेट्ठिया, अहम्मेट्ठिया, धम्माधम्मेविट्ठिया ॥ मणुस्सा जहा जीवा ॥ वाणमंतरजोइसिय वेमाणिया जहा णेरइया ॥ ३ ॥ अण्णउत्थियाणं भंते ! एवमाइक्खंति जाव परूवेंति एवं खलु समणा पंडिया समणोवासगा बालपंडिया जस्सणं एगपाणाएवि दंडे अणिक्खित्ते सेणं एगंतेबालोत्ति वत्तव्वं सिया, से कहमेयं

अहो गौतम ! जीव धर्म में स्थित हैं, अधर्म में स्थित व धर्माधर्म में स्थित हैं. नारकी की पृच्छा ? नारकी धर्म में स्थित नहीं हैं अधर्म में स्थित हैं और धर्माधर्म में स्थित नहीं हैं. ऐसे ही चतुरेन्द्रिय पर्यंत कहना. तिर्यंच पंचेन्द्रिय धर्म में स्थित नहीं है परंतु अधर्म व धर्माधर्म में स्थित हैं. मनुष्य धर्म अधर्म व धर्माधर्म में स्थित हैं. वाणव्यंतर ज्योतिषी व वैमानिक का नारकी जैसे कहना ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! अन्यतीर्थिक ऐसा कहते हैं यावत् प्ररूपते हैं कि श्रमण पंडित हैं श्रमणोपासक बालपंडित हैं और जिसने एक प्राणी का घात का परिहार नहीं किया है वह एकान्त बाल है. तो अहो भगवन् ! यह किस

भंते ! एवं ? गोयमा ! जंणं ते अण्णउत्थिया एवं माइक्खंति जाव वत्तव्वंसिया जे ते एवं माहंसु मिच्छते एवमाहंसु, अहं पुण गोयमा ! जाव परूवेमि एवं खलु समणा पंडिया, समणोवासगा बालपंडिया, जस्सणं एगपाणेवि दंडे णिक्खित्ते सेणं णो एगंतबालेत्ति वत्तव्वंसिया ॥ ४ ॥ जीवाणं भंते ! बाला पंडिया बालपंडिया ? गोयमा ! जीवा बालावि पंडियावि बालपंडियावि, णेरइयाणं पुच्छा, गोयमा ! णेरइया बाला, णो पंडिया णो बालपंडिया ॥ एवं चउरिंदियाणं, पंचिंदियातिरिक्ख पुच्छा, गोयमा ! पंचिंदियतिरिक्खजोणिया बाला, णो पंडिया, बालपंडियावि

तरह है ? अहो गौतम ! अन्य तीर्थिक जो ऐसा कहते हैं यावत् प्ररूपते हैं कि श्रमण पंडित, श्रमणोपासक बाल पंडित व एक भी जीव की घात का जिसने परिहार नहीं किया वह एकांत बाल है वह मिथ्या है मैं इस कथन को ऐसा कहता हूं यावत् प्ररूपता हूं कि श्रमण पंडित, श्रमणो पासक बालपंडित, और जिसने एक प्राणिकी भी घात का भी परिहार किया है वह एकांत बाल नहीं ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! क्या जीव बाल, पंडित व बालपंडित हैं? अहो गौतम! जीव बाल, पंडित व बाल पंडित हैं. नारकी की पृच्छा? नारकी बाल हैं परंतु पंडित व बाल पंडित नहीं हैं. ऐसे ही चतुरेन्द्रिय पर्यंत कहना. तिर्यंच पंचेन्द्रिय की पृच्छा !

मणुस्सा जहा जीवा, वाणमंतरजोइसियवेमाणिया जहा णेरइया ॥ ५ ॥ अण्ण उत्थियाणं भंते ! एवमाइक्खंति जाव परूवेंति एवं खलु पाणाइवाए मुसावाए जाव मिच्छादंसणसल्ले वट्टमाणस्स अण्णे जीवे अण्णे जीवाया ॥ पाणाइवायवेरमणे जाव परिग्गहवेरमणे कोहाववेगे जाव मिच्छादंसणसल्लविवेगे वट्टमाणस्स अण्णे जीवे अण्णे जीवाया ॥ उप्पत्तियाए जाव पारिणामियाए वट्टमाणस्स अण्णे जीवे अण्णे जीवाया ॥ उग्गहे ईहा अवाए वट्टमाणस्स जाव जीवाया ॥ उट्ठाणे जाव परक्कमे वट्टमाणस्स जाव जीवाया ॥ णेरइयत्ते तिरिक्खमाणुस्सदेवत्ते वट्टमाणस्स जाव जीवाया

तिर्यंच पंचेन्द्रिय बाल व बाल पंडित हैं परंतु पंडित नहीं हैं. मनुष्य का समुच्चय जीव जैसे कहना. वाणव्यंतर, ज्योतिषी व वैमानिक का नारकी जैसे कहना ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! अन्य तीर्थिक ऐसा कहते हैं यावत् प्ररूपते हैं कि प्राणातिपात, मृषावाद यावत् मिथ्यादर्शन शल्य में रहने वाले जीवों को जीव अन्य है व जीवात्मा अन्य है, प्राणातिपात से निवर्तना यावत् परिग्रह से निवर्तना, क्रोध का त्याग यावत् मिथ्यादर्शन शल्य का त्याग में रहने वाले जीवों को जीव अन्य है व जीवात्मा अन्य है. उत्पातिया यावत् पारिणामिया में रहने वाले जीवों को जीव अन्य है व जीवात्मा अन्य है, अवग्रह ईहा व अपाय में रहने वाले

णाणावरणिज्जे जाव अंतराइये वट्टमाणस्स जाव जीवाया ॥ एवं कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए, सम्मद्दिट्ठीए ३, एवं चक्खुदंसणे ४, आभिणिबोहियणाणे ५, मइ-अण्णाणे ३; आहारसण्णाए ४, एवं ओरालिय सरीरे ४, एवं मणजोए ३, सागा-रोवओगे २ वट्टमाणस्स अण्णेजीवे अण्णे जीवाया ॥ सेकहमेयं भंते ! एवं? गोयमा ! जण्णं ते अण्ण उत्थिया एवमाइक्खंति जाव मिच्छंते एवमाहंसु, अहं पुण गोयमा! एवमाइक्खामि जाव परूवेमि एवं खलु पाणाइवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले वट्टमाणस्स सच्चेव जीवे सच्चेव जीवाया

जीवों को जीव अन्य है व जीवात्मा अन्य है उत्थान यावत् पराक्रम में रहने वाले जीवों को जीव अन्य है व जीवात्मा अन्य, नारकी, तिर्यंच मनुष्य व देव में जीव अन्य व जीवात्मा अन्य, ज्ञानावरणीय यावत् अंतराय में जीव अन्य व जीवात्मा अन्य, ऐसे ही कृष्ण लेश्या यावत् शुक्ल लेश्या, समदृष्टि, मिथ्यादृष्टि व समामिथ्यादृष्टि, चक्षुदर्शनादि चार दर्शन, मतिज्ञानादि पांच ज्ञान, मति अज्ञानादि तीन अज्ञान आहारसंज्ञादि चार संज्ञा उदारिक शरीरादि पाच शरीर, मनयोगादि तीन योग और साकारोपयुक्त व अनाकारोप युक्त में रहने वाले जीवों को जीव अन्य है. व जीवात्मा अन्य है तो अहो भगवन् ! यह किस तरह है ? अहो गौतम ! अन्य तीर्थिकों का उपर्युक्त कथन मिथ्या है. उसे मैं इस तरह कहता हूं यावत् प्ररूपता हूं कि

जाव अणागारोवओगे वट्टमाणस्स सच्चेव जीवे सच्चेव जीवाया ॥ ६ ॥ देवेणं भंते ! महिड्डिए जाव महेसक्खे पुव्वामेव रूवी भवित्ता पभू अरूवी विउव्वित्ताणं चिट्ठित्तए? णो इणट्ठे समट्ठे ॥ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ देवेणं जाव णो पभू अरूवी विउव्वित्ताणं चिट्ठित्तए? गोयमा ! अहमेयं जाणामि, अहमेयं पासामि, अहमेयं बुज्झामि, अहमेयं अभिसमण्णागच्छामि; मए एयं णायं, मए एयं दिट्ठं, मए एयं बुद्धं, मए एयं अभिसमण्णागयं-जंणं तहागयस्स जीवस्स सरूविस्स सकम्मस्स सरागस्स सवेदगस्स समोहस्स सलेसस्स ससरीरस्स ताओ सरीराओ अविप्पमुक्कस्स एवं पण्णायाति,

प्राणातिपात यावत् मिथ्या दर्शन शल्य में रहने वाले वह जीव व वही जीवात्मा है. ऐसे ही अनाकारोपयुक्त तक जानना. ॥ ६ ॥ अहो भगवन् ! महर्द्धिक यावत् महासुख वाला देव पहिले रूपी होकर फीर अरूपीका वैक्रेय करके रहने में क्या समर्थ है ? अहो गौतम ! यह अर्थ योग्य नहीं है. अहो भगवन् ! किस कारन से ऐसा कहा गया है यावत् अरूपीका वैक्रेय करके रहनेते समर्थ नहीं है ? अहो गौतम ! मैं यह जानता हूं देखता हूं पर्याय से जानता हूं सब वस्तु के सन्मुख होकर जानता हूं मैंने यह जाना, मैंने यह देखा, मैंने यह पर्याय से जाना, मैं सब वस्तु की सन्मुख हुवा कि रूप, कर्म, राग, शरीर, मोह,

तंजहा-कालत्तेवा जाव सुक्किलत्तेवा, सुब्भिगंधत्तेवा, दुब्भिगंधत्तेवा, तित्तत्तेवा जाव महुरत्तेवा, कक्खडत्तेवा जाव लुक्खत्तेवा से तेणट्ठेणं गोयमा ! जाव चिट्ठित्तए ॥७॥ सच्चेवणं भंते! से जीवे पुव्वामेव अरूवी भवित्ता पभू रूविं विउव्वित्ताणं चिट्ठित्तए? णो इणट्ठे समट्ठे ॥ से केणट्ठेणं जाव चिट्ठित्तए ? गोयमा ! अहमेयं जाणामि जाव जंणं तहागयस्स जीवस्स, अरूविस्स, अकम्मस्स, अरागस्स, अवेदस्स, अमोहस्स, अलेसस्स, असरीरस्स ताओ सरीराओ विप्पमुक्कस्स णो एवं पण्णायाति, तंजहा कालत्तेवा जाव लुक्खत्तेवा से तेणट्ठेणं जाव चिट्ठित्ताएवा ॥ सेवं भंते भंतेत्ति !

लेश्या वाले, व शरीर से रहित जीव को कालापना यावत् शुक्लपना, सुरभिगंधपना व दुरभिगंधपना, तिक्त पना यावत् मधुरपना कर्कशपना यावत् रूक्षपना का ज्ञान होता है इसलिये ऐसा कहा गया है यावत् रहता है ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! वही जीव पहिला अरूपी होकर फीर रूपीका वैक्रेय कर रहने को क्या समर्थ होता है ? अहो गौतम ! यह अर्थ योग्य नहीं है. अहो भगवन् ! किस कारन से ऐसा कहा गया है कि वही जीव पहिले अरूपी होकर रूपी का वैक्रेय कर रहने में समर्थ नहीं है? अहो गौतम! मैं ऐसा जानता हूं यावत् तैसे रूप, कर्म, राग, वेदना, मोह, लेश्या, शरीर व उस शरीर से रहित जीव को कालापना

सत्तरसमस्स वितिओ उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ २ ॥ * *

सेलेसि पडिवण्णएणं भंते ! अणगारे सयासमियं एयति वेयति जाव तंतं भावं परि-
णमइ ? णो इणट्ठे समट्ठे ॥ णण्णत्थेगेणं परप्पओगेणं ॥ १ ॥ कइविहाणं भंते !
एयणा पण्णत्ता ? गोयमा ! पंचविहा एयणा पण्णत्ता, तंजहा दव्वेयणा, खेत्तेयणा,
कालेयणा, भवेयणा, भावेयणा ॥ २ ॥ दव्वेयणाणं भंते ! कइविहा पण्णत्ता ?
गोयमा ! चउव्विहा पण्णत्ता, तंजहा णेरइयदव्वेयणा तिरिक्खमणुस्सदेव दव्वे-

यावत् रूक्षपना का ज्ञान नहीं होता है इसलिये ऐसा कहा गया है यावत् रहने में समर्थ नहीं है. अहो
भगवन् ! आप के वचन सत्य हैं, यह सतरहवा शतक का दूसरा उद्देशा संपूर्ण हुवा. ॥ १७ ॥ २ ॥
दूसरे उद्देशे के अंत में रूपी अरूपी का कथन किया, अब इस में कंपना लक्षण कहते हैं. अहो
भगवन् ! शैलेशी प्रतिपन्न अनगार सदैव क्या कंपते हैं, विशेष कंपते हैं यावत् उस भाव को क्या
परिणमते हैं ? अहो गौतम ! यह अर्थ योग्य नहीं है, मात्र परप्रयोग से कंपना होती है. ॥ १ ॥ अहो
भगवन् ! कंपना के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! कंपना के पांच भेद कहे हैं जिनके नाम १ द्रव्य
कंपना, २ क्षेत्र कंपना ३ काल कंपना ४ भव कंपना और ५ भाव कंपना. ॥ २ ॥ अहो भगवन् !
द्रव्य कंपना के कितने भेद कहे हैं ?-अहो गौतम ! द्रव्य कंपना के चार भेद कहे हैं १ नारकी द्रव्य

यणा ॥ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ णेरइयदव्वेयणा ? णेरइय दव्वेयणा गोयमा! जंणं णेरइया णेरइयदव्वे वट्टिंसुवा वट्टंतिवा वट्टिस्संतिवा तेणं तत्थ णेरइया णेरइय दव्वे वट्टमाणा णेरइयदव्वेयणं एयंसुवा एयंतिवा एयस्संतिवा, से तेणट्ठेणं जाव दव्वे-यणा ॥ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ तिरिक्खजोणिय एवंचेव, तिरिक्खजोणिय दव्वेयणं भाणियव्वं, सेसं तंचेव ॥ एवं जाव देवदव्वेयणा ॥ ३ ॥ खेत्तेयणाणं भंते ! कइविहा पण्णत्ता ? गोयमा ! चउव्विहा पण्णत्ता, तंजहा णेरइय खेत्तेयणा जाव देवखेत्तेयणा से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ णेरइय खेत्तेयणा णे० २ ? एवंचेव

कंपना २ तिर्यंच द्रव्य कंपना ३ मनुष्य द्रव्य कंपना और और ४ देव द्रव्य कंपना. अहो भगवन् ! नारकी की द्रव्य कंपना क्यों कही ? अहो गौतम ! जो नारकी नरकपना में रहे, रहते हैं व रहेंगे उन नारकीयोंने वहां ही नरक द्रव्य में रहते हुवे नारकी द्रव्य कंपना की, करते हैं व करेंगे; इस से यावत् नारकी द्रव्य कंपना कही. ऐसे ही तिर्यंच द्रव्य कंपना, मनुष्य द्रव्य कंपना यावत् देव द्रव्य कंपना का जानना.॥३॥ अहो भगवन् ! क्षेत्र कंपना के कितने भेद कहे हैं. ? अहो गौतम ! क्षेत्र कंपना के चार भेद कहे हैं. नारकी क्षेत्र कंपना यावत् देव क्षेत्र कंपना. अहो भगवन् ! नारकी की क्षेत्र कंपना किसे कहते हैं ? अहो

णेरइयखेत्तेयणा भाणियव्वा एवं जाव देवखेत्तेयणा एवं कालेयणावि एवं भवेयणावि एवं जाव देवभावेयणावि ॥ ४ ॥ कइविहाणं भंते ! चलणा पण्णत्ता ? गोयमा ! तिविहा चलणा पण्णत्ता, तंजहा सरीरचलणा, इंदियचलणा. जोगचलणा, ॥ ५ ॥ सरीरचलणाणं भंते ! कइविहा पण्णत्ता ? गोयमा पंचविहा पण्णत्ता, तंजहा ओरालिय सरीरचलणा जाव कम्मग सरीर चलणा ॥ ६ ॥ इंदियचलणाणं भंते ! कइविहा पण्णत्ता ? गोयमा ! पंचविहा पण्णत्ता तंजहा-सोइंदिय चलणा जाव फासिंदिय चलणा ॥ ७ ॥ जोगचलणाणं भंते ! कइविहा पण्णत्ता ? गोयमा ! तिविहा

गौतम ! जैसे द्रव्य कंपना का कहा वैसे ही क्षेत्र कंपना का जानना. ऐसे ही काल भव व भाव कंपना का जानना. ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! चलना के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! चलना के तीन भेद कहे हैं. १ शरीर चलना २ इन्द्रिय चलना व ३ योग चलना. ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! शरीर चलना के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! शरीर चलना के पांच भेद कहे हैं. १ उदारिक शरीर चलना यावत् कार्माण शरीर चलना ॥ ६ ॥ इन्द्रिय चलना के कितने भेद कहे हैं. ? अहो गौतम ! इन्द्रिय चलना के पांच भेद कहे हैं. श्रोत्रेन्द्रिय चलना यावत् स्पर्शेन्द्रिय चलना. ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! योग चलना के कितने भेद कहे

१ एजना का बाह्य प्रगट स्वभाव.

पण्णत्ता तंजहा मणजोगचलणा वइजोगचलणा कायजोग चलणा ॥१८॥ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ओरालियसरीर चलणा? ओरालिय सरीर चलणा गोयमा ! जंणं जीवा ओरालिय सरीरे वट्टमाणा ओरालिय सरीरप्पाओगाइं दव्वाइं ओरालिय सरीरत्ताए परिणामेमाणे ओरालिय सरीर चलणं, चलिंसुवा चलति चालिस्संतिवा से तेणट्ठेणं जाव ओरालियसरीरचलणा २ ॥ से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ वेउव्विय सरीर चलणा? वेउव्विय सरीर चलणा एवं चेव णवरं वेउव्विय सरीरे वट्टमाणे एवं जाव कम्मग सरीर चलणा से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ सोइंदिय चलणा सोइंदिय चलणा जंणं जीवा सोइंदियवट्टमाणा सोइंदियप्पाओग्गाइं दव्वाइं सोइंदियत्ताए परिणामेमाणे सोइंदिय चलणं चालिंसुवा

है ? अहो गौतम ! योग चलना के तीन भेद कहे हैं १ मनयोग चलना २ वचन वचन योग चलना व काया योग चलना ॥ ८ ॥ अहो भगवन् ! उदारिक शरीर की चलना क्यो कही ? अहो गौतम! उदारिक शरीर में रहने वाले जीवों उदारिक शरीर प्रायोग्य द्रव्य को उदारिक शरीरपने परिणमाते उदारिक शरीर की चलना की, करते हैं व करेंगे इसलिये ऐसा कहा गया है कि उदारिक शरीर की चलना. ऐसे ही वैक्रेय, आहारक, तेजस कार्माण शरीर का जानना ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ! किस कारन से ऐसा कहा गया है कि श्रोत्रेन्द्रिय चलना ? अहो गौतम ! श्रोत्रेन्द्रिय में रहनेवाले जीवों श्रोत्रेन्द्रिय

चलंतिवा चालिस्संतिवा, से तेणट्ठेणं जाव सोइंदिय चलणा सोइंदिय चलणा॥ एवं जाव फासिंदिय चलणा ॥१०॥ सेकेणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ मणजोग चलणा ? मणजोग चलणा गोयमा! जंणं जीवा मणजोए वट्टमाणा मणजोगप्पाओग्गाइं दव्वाइं मणजोगत्ताए परिणामेमाणे मणचलणं चालिंसुवा चलंतिवा चलिस्संतिवा, से तेणट्ठेणं जाव मणजोगचलणा मणजोगचलणा ॥ एवं वयजोग चलणा एवं कायजोगचलणावि ॥ ११ ॥ अह भंते ! संवेगे, णिव्वेगे, गुरुसाहम्मिय सुस्सूसणया, आलोयणया, णिंदणया, गरहणया, खमावणया, सुतसहायता, विउसमणया भावे, अप्पडिबद्धता,

प्रायोग्य द्रव्यों को श्रोत्रेन्द्रियपने परणमाते हुवे श्रोत्रेन्द्रिय की चलना चली, चलते हैं व चलेंगे इसलिये ऐसा कहा गया है कि श्रोत्रेन्द्रिय की चलना. ऐसे ही स्पर्शेन्द्रिय की चलना तक कहना ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! मनयोग चलना किसे कहते हैं ? अहो गौतम ! मनयोग में वर्तनेवाले जो जीवों हैं वे मन प्रायोग्य द्रव्य को मनयोगपने परिणमाते मन चलना चले, चलते हैं व चलेंगे इस लिये यावत् मनयोग चलना. ऐसे ही वचन योग व काया योग का जानना. ॥ ११ ॥ अहो भगवन् ! १ मोक्षकी अभिलाषा रूप संवेग भाव से २ संसार त्याग रूप निर्वेग भाव से

विणिवट्टणया, विवित्तसयणासणसेवणया, सोइंदिय संवरे जाव फासिंदिय संवरे, जोगपच्चक्खाणे. सरीरपच्चक्खाणे, कसाय पच्चक्खाणे, संभोगपच्चक्खाणे, उवहि पच्चक्खाणे, भत्तपच्चक्खाणे, खिमा, विरागता, भावसच्चे, जोगसच्चे, करणसच्चे, मण समण्णाहरणया, वइसमण्णाहरणया, कायसमण्णाहरणया, कोहविवेगे जाव मिच्छादंसण सल्लविवेगे, णाण संपण्णया, दंसण संपण्णया, चरित्त संपण्णया, वेदण

३ गुरू और स्वधर्मियों की सेवा भक्ति से ४ लगे पाप की आलोचना से ५ आत्मा की साक्षी में निंदा करने से ६ गुरु की साक्षिस गर्हा करने से ७ सब जीवों की साथ क्षमाभाव करने से ८ श्रुत ज्ञान की साहायता से ९ क्रोध का उपशम से १० अप्रतिबंधपना से ११ असंयम की निवृत्ति से १२ स्त्री पुरुष व पंडग रहित स्थान भोगने से १३-१७ पांचों इन्द्रियों का संवर करने से १८ मनादि योग को पाप मार्ग में प्रवर्ताने का प्रत्याख्यान करने से १९ शरीर की शुश्रूषा कराने का प्रत्याख्यान करने से २० क्रोधादि कषाय के प्रत्याख्यान से २१ एक मंडल पर अन्य साधु साथ आहार पानी भोगने से २२ वस्त्र पात्रादि उपधि का प्रत्याख्यान करने से २३ आहार के प्रत्याख्यान से २४ क्षमा भाव धारने से २५ वैराग्य भाव धारने से २६ भावों की सत्यता से २७ योगों की सत्यता से २८ प्रतिलेखनादि क्रिया की सत्यता से २९ मन को आगम मार्ग में प्रवर्ताने से ३० वचन को आगम मार्ग में प्रवर्ताने से ३१ काया को

अहियासणया, मारणांतियअहियासणया, एएणं किं पज्जवसाणफला पण्णत्ता? समणाउसो! गोयमा! संवेग णिव्वेगे जाव माणांतिय अहियासणया एएणं सिद्धपज्जव-साण फला पण्णत्ता समणाउसो ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ जाव विहरइ ॥ सत्तरसमस्स तइओ उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ३ ॥ * * *

तेणं कालेणं तेणं समएणं जाव एवं वयासी अत्थिणं भंते! जीवाणं पाणाइवाएणं

आगम मार्ग में प्रवर्ताने से ३२-४५ क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशून्य, परपरिवाद, रति, अरति, मायामृषा व मिथ्यादर्शन शल्य इन की निवृत्ति से ४६ ज्ञान युक्त, ४७ दर्शन युक्त ४८ चारित्र युक्त ४९ क्षुधा वेदनीय समभाव से सहन करने से और ५० मरणांतिक समभाव से सहन करने से; उक्त सब बोलों से क्या जीव को मोक्ष पर्यवसान रूप फल होता है? अहो आयुष्यवंत श्रमणो! अहो गौतम! संवेग यावत् मरणांतिक समभाव से मोक्ष रूप पर्यवसान फल होता है. अहो भगवन्! आपके वचन सत्य हैं. यों कहकर यावत् विचरने लगे. यह सतरहवा शतक का तीसरा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ३ ॥

तीसरे उद्देशे में एजनादि क्रिया कही. चौथे उद्देशे में भी उसकाही कथन करते हैं. उस काल उस समय में यावत् गौतम स्वामी ऐसा पूछने लगे कि अहो भगवन्! क्या जीवों को प्राणातिपात से क्रिया

किरिया कज्जइ ? हंता अत्थि ॥ सा भंते! किं पुट्ठा कज्जइ अपुट्ठा कज्जइ ? गोयमा पुट्ठाकज्जइ णो अपुट्ठाकज्जइ, एवं जहा पढमसए छट्ठुद्देसए जाव णो अणाणुपुव्विकड- त्ति वत्तव्वंसिया, एवं जाव वेमाणियाणं णवरं जीवाणं एगिंदियाणय णिव्वाघाएणं छद्दिसि वाघायं पडुच्च सियतिदिसिं सिय चउद्दिसिं सिय पंचदिसिं सेसाणं णियमं छद्दिसिं ॥ १ ॥ अत्थिणं भंते! जीवा मुसावाएणं किरिया कज्जइ ? हंता अत्थि ॥ साभंते! किं पुट्ठाकज्जइ अपुट्ठा कज्जइ जहा पाणाइवाएणं दंडओ एवं मुसावाएणवि ॥

होती है ? हां गौतम ! जीवों को प्राणातिपात से क्रिया होती है. अहो भगवन् ! वह स्पर्शी हुइ होती है या विना स्पर्शी हुई होती है ? अहो गौतम ! स्पर्शी हुई होती है परंतु बिना स्पर्शी हुई नहीं है. वगैरह जैसे प्रथम शतक के छठे उद्देशे में कहा वैसे ही कहना यावत् अनुपूर्विकृत ऐसा कहना, ऐसेही वैमानिक पर्यंत सब दंडक का जानना. परंतु समुच्चय जीव एकेन्द्रिय में निर्व्याघात आश्री छदिशि व्याघात आश्री क्वचित् तीन दिशि, चारदिशि कदाचित् पांचदिशि कहना. और शेष सब को छ दिशि कहना. ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! क्या जीवों को मृषावाद से क्रिया होती है ? हां गौतम ! जीवों को मृषावाद से क्रिया होती है, अहो भगवन् ! क्या वह स्पर्शी हुई होवे या विना स्पर्शी हुइ होवे ? अहो गौतम ! जैसे प्राणातिपात का

अदिण्णादाणेणवि ॥ मेहुणेणवि ॥ परिग्गहेणवि ॥ एवं एए पंचदंडगा ॥ जं समएणं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जइ सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ अपुट्ठाकज्जइ, एवं तहेव जाव वत्तव्वं सिया, जाव वेमाणियाणं ॥ एवं जाव परिग्गहेणं ॥ एवं एएवि पंच-दंडगा जं देसेणं भंते ! जीवाणं पाणाइवाइएणं किरिया कज्जति जाव परिग्गहेणं, जं पदेसेणं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जति सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जइ एवं तहेव दंडओ ॥ एवं जाव परिग्गहेणं ॥ एवं एए वीसदंडगा ॥ ३ ॥ जीवाणं भंते ! किं अत्तकडे दुक्खे, परकडे दुक्खे, तदुभयकडे दुक्खे ? गोयमा ! अत्तकडे

कहा वैसे ही मृषावाद का जानना. ऐसे ही अदत्तादान, मैथुन व परिग्रह का जानना. ॥२॥ अहो भगवन् ! एक समय में जीवों को प्राणातिपात से जो क्रिया होती है वह क्रिया स्पर्शी हुई होती है या विना स्पर्शी हुई होती है ? अहो गौतम ! पूर्वोक्त वक्तव्यता जैसे वैमानिक तक कहना. ऐसे ही मृषावाद यावत् परिग्रह का जानना. अहो भगवन् ! एक देश में जीवों को प्राणातिपात से जो क्रिया होती है वह क्रिया यावत् परिग्रह पर्यंत जानना. एक प्रदेश में प्राणातिपात से जो क्रिया होती है. वह क्रिया क्या स्पर्शी हुई होवे या विना स्पर्शी हुई होवे ? इस का भी पूर्वोक्त जैसे जानना. ऐसे ही परिग्रह पर्यंत कहना. ऐसे बीस दंडक का

दुक्खे, णो परकडे दुक्खे, णो तदुभयकडे दुक्खे, एवं जाव वेमाणियाणं ॥ ४ ॥ जीवाणं भंते ! किं अत्तकडं दुक्खं वेदेंति परकडं दुक्खं वेदेंति तदुभयकडं दुक्खं वेदेंति ? गोयमा! अत्तकडं दुक्खं वेदेंति, णो परकडं दुक्खं वेदेंति, णो तदुभयकडं दुक्खं वेदेंति, एवं जाव वेमाणियाणं ॥ ५ ॥ जीवाणं भंते ! किं अत्तकडा वेदणा, परकडा वेदणा, तदुभयकडा वेदणा ? गोयमा ! अत्त-कडा वेदणा णो परकडा वेदणा, णो तदुभयकडा वेदणा ॥ एवं जाव वेमाणियाणं

जानना. ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! जीवों को क्या स्वतः का किया हुवा दुःख है परका किया हुवा दुःख है या उभय का किया हुवा दुःख है ? अहो गौतम ! जीवों को स्वतः का किया हुवा दुःख है परंतु अन्य का किया व उभय का किया हुवा दुःख नहीं है. ऐसे ही वैमानिक पर्यंत जानना. ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! जीव आत्मकृत दुःख वेदते हैं परकृत दुःख वेदते हैं या उभयकृत दुःख वेदते हैं ? अहो गौतम ! जीव आत्मकृत दुःख वेदते हैं परकृत व उभय कृत दुःख नहीं वेदते हैं. ऐसे ही वैमानिक पर्यंत जानना. ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! जीवों को क्या आत्मकृत वेदना, परकृत वेदना व उभयकृत वेदना है ? अहो भगवन् ! जीवों को आत्म-कृत वेदना है परंतु परकृत व उभय कृत वेदना नहीं है ऐसे ही वैमानिक पर्यंत चौवीस

॥ ६ ॥ जीवाणं भंते ! किं अत्तकडं वेदणं वेदेंति, परकडं वेदणं वेदेंति तदुभयकडं वेदणं वेदेंति ? गोयमा जीवा अत्तकडं वेदणं वेदेंति, णो परकडं वेदणं वेदेंति, णो तदुभयकडं वेदणं वेदेंति, एवं जाव वेमाणियाणं ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्सय चउत्थो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ४ ॥ ० ० ०

कहिणं भंते ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो सभा सुहम्मा पण्णत्ता ? गोयमा ! जंबूद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स उत्तरेणं, इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम जहा ठाणपदे जाव मज्झे ईसाणवडिसए सेणं

ही दंडक का जानना ॥६॥ अहो भगवन् ! जीव क्या आत्म कृत वेदना वेदते हैं यावत् उभय कृत वेदना वेदते हैं ? अहो गौतम ! जीव आत्म कृत वेदना वेदते हैं. परकृत व उभयकृत वेदना नहीं वेदते हैं. ऐसे ही वैमानिक पर्यंत कहना. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का चौथा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ४ ॥ ० ०

चौथे उद्देशे में वेदना का अधिकार कहा. साता वेदनीय कर्मवाले देवता होते हैं इसलिये साता वेदनीय का प्रश्न करते हैं. अहो भगवन् ! ईशान नामक देवेन्द्र देवराजा की सुधर्मा सभा कहां हैं ?

ईसाणवडिंसएमहाविमाणे अद्धतेरसजोअणसयसहस्साआयाम विक्खंभेणं उणयालीसं च सयसहस्साए बावन्नं सहस्साए अट्ठयअट्ठयाले जोयणसए परिक्खेवेणं एवं जहा दसमसए सक्कविमाणवत्तव्वया सा इहवि ईसाणस्सवि वत्तव्वया णिरवसेसा भाणियव्वा जाव आयरक्खत्ति, ठिई साइरेगाइं दो सागरोवमाइं, सेसं तंचेव जाव ईसाणे देविंदे देवराया ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स पंचमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ५ ॥ पुढवीकाइयाणं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए समोहए समोहित्ता जे भविए

अहो गौतम ! इस जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत की उत्तर दिशि में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुत सम भूमि भाग से वगैरह जैसे स्थानपद में कहा वैसा यावत् मध्य में ईशानावतंसक है. वह साढे बारह लाख योजन का लम्बा व चौडा है, उसकी एक क्रोड गुनचालिस लाख बावन हजार आठ से अडतालीस योजन की परिधि है. वगैरह जैसा दशवे शतक में कहा वैसे ही यहां जानना. यावत् आत्मरक्षक देव. स्थिति दो सागरोपम की यावत् ईशान देवेन्द्र राजा. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का पांचवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ५ ॥

पांचवे उद्देशे में ईशान देवेन्द्र का कथन किया. छठे उद्देशे में पृथ्वीकाया का देवलोक में उत्पन्न

सोहम्मे कप्पे पुढवीकाइयत्ताए उववज्जित्ताए से भंते ! किं पुव्विं उववज्जित्ता पच्छा संपाउणेज्जा, पुव्विंवा संपाउणेत्ता पच्छा उववज्जेज्जा ? गोयमा ! पुव्विंवा उववज्जित्ता पच्छा संपाउणेज्जा पुव्विं वा संपाउणेत्ता पच्छा उववज्जेज्जा ॥ से केणट्ठेणं जाव ! पच्छा उववज्जेज्जा ? गोयमा ! पुढवीकाइयाणं तओ समुग्घाया पण्णत्ता तंजहा वेयणासमुग्घाए, कसायसमुग्घाए, मारणांतिय समुग्घाए, मारणांतिय समुग्घाएणं समोहणमाणे देसेणंवा समोहणइ सव्वेणवा समोहणइ, देसेण समोहणमाणे पुव्विं संपाउ-

होने का कहते हैं. अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में से पृथ्वी काया मारणांतिक समुद्घात कर के सौधर्म देवलोक में पृथ्वी कायापने उत्पन्न होवे तो क्या वह वहां उत्पन्न होकर पीछे आहार ग्रहण करे अथवा पहिले आहार ग्रहण कर पीछे उत्पन्न होवे ? अहो गौतम ! पहिले उत्पन्न होकर पीछे आहार ग्रहण करे अथवा पहिले आहार ग्रहण कर पीछे उत्पन्न होवे अहो भगवन् ! किस कारन से ऐसा कहा गया है यावत् पीछे उत्पन्न होवे ? अहो गौतम ! पृथ्वी काया को तीन समुद्घात कही हैं. वेदना समुद्घात, कषायसमुद्घात मारणान्तिक समुद्घात. मारणांतिक समुद्घात करते देशसे समुद्घात करे सर्व से समुद्घात करे. देशसे समुद्घात करते पहिले आहार लेकर पीछे

णित्ता पच्छा उववज्जिज्जा, सव्वेण समोहणमाणे पुव्विं उववज्जिज्जा पच्छा संपाउणेज्जा, से तेणट्ठेणं जाव उववज्जेज्जा ॥ १ ॥ पुढवीकाइयाणं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए जाव समोहए समोहएत्ता जे भविए ईसाणे कप्पे पुढवी एवं चेव ईसाणेवि ॥ एवं अच्चुयगेवेज्ज विमाणे अणुत्तर विमाणे ईसिप्पभाराएय एवं चेव ॥ २ ॥ पुढवी काइयाणं भंते ! सक्करप्पभाए पुढवीए समोहए समोहएत्ता जे भविए सोहम्मकप्पे पुढवी एवं जहा रयणप्पभाए पुढवीकाइओ उववाइओ; एवं सक्करप्पभाए पुढवी काइओ उववाएयव्वो, जाव ईसिप्पभाराए, एवं जहा रयणप्पभाए वत्तव्वया भणिया

उत्पन्न होवे और सर्व से समुद्घात करते पहिले उत्पन्न होवे पीछे आहार करे इसलिये ऐसा कहा गया है. यावत् उत्पन्न होवे ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में पृथ्वी काया मारणांतिक समुद्घात करके ईशान देवलोक में पृथ्वी कायापने उत्पन्न होवे तो क्या पहिले उत्पन्न होकर पीछे आहार करे अथवा पहिले आहार करके पीछे उत्पन्न होवे ? अहो गौतम ! जैसे सौधर्म देवलोकका कहा वैसे ही यहां जानना. ऐसे ही सनत्कुमार यावत् अच्युत, ग्रैवेयक, अनुत्तर विमान व ईषत्प्राग्भार पृथ्वी तक का जानना. ॥ २ ॥ अहो भगवन् ! शर्करप्रभा में से पृथ्वीकाया मारणांन्तिक समुद्घात करके सौधर्म देवलोक में पृथ्वी काया

एवं जाव अहे सत्तमाए समोहए ईसिप्पभाराए उववाएयव्वो ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥

सत्तरसमस्स छट्ठो ॥ १७ ॥ ६ ॥

पुढवी काइए णं भंते ! सोहम्मे कप्पे समोहए समोहणित्ता जे भविए इमीसे रयणप्प
भाए पुढवीए पुढवी काइयत्ताए उववज्जित्तए सेणं भंते ! किं सेसं तं चेव जहा रयणप्पभाए
पुढवीकाइओ सव्व कप्पेसु जाव ईसिप्पभाराए ताव उववाइओ एवं सोहम्म पुढवी
काइओवि सत्तसु पुढवीसु उववाएयव्वो जहा जाव अहे सत्तमाए एवं जहा सोहम्म

पने उत्पन्न होवे वगैरह जैसे रत्नप्रभा का कहा वैसे ही यहां जानना. ऐसे ही ईषत्प्राग्भार पृथ्वी तक
उत्पन्न होने का जानना. जैसे रत्नप्रभा की वक्तव्यता कही वैसे ही सातवीं तमतम पृथ्वी की वक्तव्यता
कहना. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का छठा उद्देशा पूर्ण हुआ ॥१७॥६॥

गत उद्देशे में पृथ्वी काया का कथन किया. आगे उद्देशे में भी उस का ही कथन करते हैं. अहो
भगवन् ! सौधर्म देवलोक में पृथ्वी काया मारणांतिक समुद्घात करके इस रत्न प्रभा पृथ्वी में
पृथ्वी कायापने उत्पन्न होवे वगैरह सब पूर्वोक्त उद्देशे में कहा वैसे ही यहां कहना. जैसे रत्न प्रभा पृथ्वी
कायिक सब देवलोक में यावत् ईषत्प्राग्भार पृथ्वी में उत्पन्न होवे वैसा कहा ऐसे ही सातों पृथ्वी में

पुढवीकाइओ सव्वपुढवीसु उववाइओ, एवं जाव ईसिप्पभारा पुढवीकाइओ सव्वपुढवीसु उववाएयव्वो जाव अहे सत्तमाए ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स सत्तमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ७ ॥

आउकाइएणं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए समोहए समोहइत्ता जे भविए सोहम्मे कप्पे आउकाइयत्ताए उववज्जित्तए एवं जहा पुढवीकाइओ तहा आउकाइओवि, सव्वकप्पेसु जाव ईसिप्पभाराए तहेव उववाएयव्वो, एवं जहा रयणप्पभा

पृथ्वीकाया का उत्पन्न होना कहना. ऐसे ही जैसे सौधर्म पृथ्वीकायिक सब पृथ्वी में उत्पन्न होने का कहा वैसे ही यावत् ईषत्प्राग्भार पृथ्वीकायिक सब पृथ्वी में जानना. यावत् सातवी तमतमा पृथ्वी. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का सातवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ७ ॥

अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वीकाय में अप्काय मारणांतिक समुद्धात करके सौधर्म देवलोक में उत्पन्न होने योग्य होवे वह क्या पहिले उत्पन्न होकर पीछे आहार करे अथवा पहिले आहार कर पीछे उत्पन्न होवे ? अहो गौतम ! जैसे पृथ्वीकाया का कहा वैसे ही अप्काया का सब देवलोक यावत् ईषत्प्राग्भार पृथ्वी तक कहना. और जैसे रत्नप्रभा की अप्काया कही वैसे ही शर्कर प्रभा यावत्

आउकाइओ तहा अहे सत्तमा पुढवी आउकाइओ उववाएयव्वो जाव ईसिप्पभाराए. सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स अट्ठमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ८ ॥

आउकाइएणं भंते ! सोहम्मे कप्पे समोहए समोहएत्ता जे भविए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए घणोदधिवलएसु आउकाइयत्ताए उववज्जित्तए सेणं भंते ! सेसं तंचेव एवं जाव अहे सत्तमाए जहा सोहम्मआउकाइओ एवं जाव ईसिप्पभारा आउकाइओ जाव अहे सत्तमाए उववातेयव्वो सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमसयस्सय णवमो

सातवी तमतमा पृथ्वी यावत् ईषत्प्राग्भार पृथ्वी का जानना. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का आठवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ८ ॥

अहो भगवन् ! सौधर्म देवलोक में अप्कायिक मरणांतिक समुद्घात करके इस रत्न प्रभा पृथ्वी के घनोदधि के वलय में उत्पन्न होने योग्य होवे तो वह वहां क्या उत्पन्न होकर आहार करे या आहार करके उत्पन्न होवे ? अहो गौतम ! जैसे पहिले कहा वैसे ही यहां जानना. यावत् सातवी तमतमा पृथ्वी का. जैसे सौधर्म देवलोक का कहा वैसे ही ईषत्प्राग्भार पृथ्वी का नीचे की सातवी पृथ्वी में उत्पन्न होने तक कहना. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सतरहवा शतक का नववा

उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ९ ॥ * * *

वाउकाइएणं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए जाव जो भविए सोहम्मे कप्पे वाउकाइत्ताए उववज्जित्तए सेणं जहा पुढवीकाइओ तहा वाउकाइओवि णवरं वाउकाइयाणं चत्तारि समुग्घाया पण्णत्ता, तंजहा वेदणासमुग्घाए, जाव वेउव्वियसमुग्घाए, मारणांतिय समुग्घाएणं समोहणमाणे देसेणवा समोहए सेसं तंचेव जाव अहे सत्तमा समोहयाओ ईसिप्पभाराए उववाएयव्वो ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्सय दसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १० ॥ ० ०

उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ ९ ॥ ० ०

अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में वायुकाया मारणांतिक समुद्धात करके यावत् सौधर्म देवलोक में वायुकायापने उत्पन्न होने को योग्य है वगैरह सब पृथ्वीकाया जैसे कहना. विशेष में वायुकाया को चार समुद्धात कही. जिन के नाम. वेदना समुद्धात यावत् वैक्रेय समुद्धात. मारणांतिक समुद्धात करते देश से समुद्घात करे शेष वैसे ही जानना यावत् सातवी पृथ्वीतक. ईषत्प्राग्भार में से उत्पन्न होने का. अहो भगवन् ! आप के वचन सत्य हैं यह सत्तरहवा शतक का दशवा उद्देशा समाप्त हुआ. ॥ १७ ॥ १० ॥

वाउकाइएणं भंते ! सोहम्मे कप्पे समोहए समोहएत्ता जे भविए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए घणवाए तणुवाए घणवाय बलएसु तणुवायवलएसु वाउकाइयत्ताए उववज्जित्तए, सेणं भंते ! सेसं तचेव एवं जहा सोहम्मकप्पवाउकाइओ सत्तसुवि पुढवीसु उववाइओ एवं जाव ईसिप्पभारा वाउकाइओ अहे सत्तमाए जाव उववाएयव्वो, सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स एक्कारसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ ११ ॥

एगिंदियाणं भंते ! सव्वे समाहारा समुस्सास णीसासा, एवं जहा पढमसए बितिय उद्देसए पुढवीकाइयाणं वत्तव्वया भणिया सव्वेवि एगिंदियाणं इहं भाणियव्वा जाव

अहो भगवन् ! वायुकाय सौधर्म देवलोक में से मारणांतिक समुद्घात कर के इस रत्नप्रभा पृथ्वी में घनवात व तनुवात में घनवात वलय व तनुवातवलय में उत्पन्न होने योग्य होवे शेष वैसे ही जानना. ऐसे ही सौधर्म देवलोक में से वायुकाय सातों पृथ्वी में उत्पन्न होवे वैसे कहना ऐसे ही ईषत्प्राग्भार पृथ्वी में से वायुकाय नीचे की सातवी पृथ्वी में उत्पन्न होवे वहांतक कहना. अहो भगवन् ! आप के वचन सत्य हैं यह सत्तरहवा शतक का अग्यारवा उद्देशा संपूर्ण हुवा. ॥ १७ ॥ ११ ॥

अहो भगवन् ! क्या एकेन्द्रिय सब सरिखे आहारवाले, सरिखे उश्वास नीश्वासवाले, वगैरह जैसे प्रथम

समाउया समोववण्णगा ॥१॥ एगिंदियाणं भंते ! कइलेस्साओ पण्णत्ताओ ? गोयमा ! चउलेस्साओ पण्णत्ताओ, तंजहा कण्हलेस्सा जाव तेउलेस्सा । एएसिणं भंते ! एगिंदियाणं कण्हलेस्साणं जाव विसेसाहिया ? गोयमा ! सव्वत्थोवा एगिंदियाणं तेउलेस्सा काउलेस्सा अनंतगुणा णीललेस्सा विसेसाहिया, कण्हलेस्सा विसेसाहिया । एएसिणं भंते ! एगिंदियाणं कण्हलेस्सा इड्डी जहेव दीवकुमारा सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स दुवालसमो उद्देसो ॥ १७ ॥ १२ ॥ × × ×

शतक के दूसरे उद्देशे में पृथ्वीकाया की वक्तव्यता कही वैसे ही यहां जानना यावत् सरिखे आयुष्यवाले व समान उत्पन्न होनेवाले. ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! एकेन्द्रिय को कितनी लेश्याओं कहीं ? अहो गौतम ! एकेन्द्रिय को चार लेश्याओं कही. जिनके नाम कृष्णलेश्या यावत् तेजोलेश्या. अहो भगवन् ! इन कृष्ण यावत् तेजो लेश्यावाले में कौन किस से अल्प बहुत यावत् विशेषाधिक है ? अहो गौतम ! सब से थोडे तेजो लेश्यावाले एकेन्द्रिय, इस से नीललेश्यावाले अनंतगुने, इस से कापोत लेश्यावाले विशेषाधिक इस से कृष्ण लेश्यावाले विशेषाधिक. अहो भगवन् ! कृष्णलेशी एकेन्द्रिय की ऋद्धि वगैरह? अहो गौतम ! जैसे द्वीप कुमार की कही वैसे ही जानना. यह सत्तरहवा शतक का बारहवा उद्देशा संपूर्ण हुआ. ॥ १८ ॥ १२ ॥ ×

णागकुमाराणं भंते! सव्वे समाहारा जहा सोलसमसए दीवकुमारुद्देसए तहेवाणिरवसेसं भाणियव्वं जाव इड्ढी ॥ सेवं भंते भंतेत्ति जाव विहरइ ॥ सत्तरसमस्स तेरसमो॥ १७॥ १३॥॥ सुवण्णकुमाराणं भंते ! सव्वे समाहारा एवं चेव ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमसस्स चउद्दसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १४ ॥० ० ० विज्जुकुमाराणं भंते ! सव्वे समाहारा, एवं चेव ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स पण्णरसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १५ ॥ ० ०

अहो भगवन् क्या नाग कुमार देव सरिखे आहार करने वाले हैं ? अहो गौतम ! जैसे सोलहवे शतक में द्वीप कुमार का उद्देशा कहा वह सब यहां पर निरवशेष कहना यावत् ऋद्धि. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं यह सत्तरहवा शतक का तेरहवा उद्देशा संपूर्ण हुवा. ॥ १७ ॥ १३ ॥ ०

अहो भगवन् ! क्या सुवर्णकुमार सारिखे आहार करने वाले हैं ? इन का भी अधिकार वैसे ही जानना. यह सतरहवा शतक का चौदहवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ १४ ॥ ० ०

विद्युत्कुमार का भी वैसे ही जानना. अहो भगवन् आप के वचन सत्य हैं यह सतरहवा शतक का पन्नरहवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ १५ ॥ ० ०

वायुकुमाराणं भंते ! सव्वे समाहारा, एवं चेव ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स सोलसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १६ ॥ ० ०

अग्गिकुमाराणं भंते ! सव्वेसमाहारा एवं चेव ॥ सेवं भंते भंतेत्ति ॥ सत्तरसमस्स सत्तरसमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १७ ॥ १७ ॥ सम्मत्तं सत्तरसमं सयं ॥ १७ ॥ ०

वायु कुमार का भी वैसे ही कहना. अहो भगवन् आपके वचन सत्य हैं यह सत्तरहवा शतक का सोलहवा उद्देशा संपूर्ण हुवा ॥ १७ ॥ १६ ॥

अहो भगवन् ! क्या अग्निकुमार सरिखे आहार करने वाले वगैरह पहिले जैसे कहना. अहो भगवन् ! आपके वचन सत्य हैं. यह सत्तरहवा शतक का सत्तरहवा उद्देशा संपूर्ण हुवा. ॥ १७ ॥ १७ ॥

अष्टादश शतकम्-

पढमा विसाहमायं, दिएय पाणाय असुरेय ॥ गुल केवलि अणगारे, भविए तह सोमिलट्ठारसमे ॥ १ ॥ तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे जाव एवं वयासी जीवेणं भंते ! जीवभावेणं किं पढमे अपढमे ? गोयमा ! णो पढमे अपढमे ॥ एवं णेरइए

सतरहवे शतक के अंत में अग्नि कुमार देवता का सम आहार कहा. अब अठारहवे शतक के प्रारंभ में जीवों की उत्पत्ति का कथन करते हैं. इस शतक में दश उद्देशे कहे हैं. जीवादिक अर्थ में प्रथमत्वादि विचारणारूप पहिला उद्देशा. २ विशाखा नगरी ३ माकंदीय पुत्र का ४ प्राणातिपातादि विषयका ५ असुरवक्तव्यता ६ गुलादि अर्थ विशेष ७ केवल्यादि विषयका ८ अनगार विषय ९ भव्य द्रव्य नारकादि प्ररूपणार्थ और १० सोमिल ब्राह्मण का ये दश उद्देशे अठारहवे शतक में कहे. उस काल उस समय में श्री श्रमण भगवंत महावीर स्वामी को वंदना नमस्कार कर श्री गौतम स्वामी पुछने लगे कि अहो भगवन् ! क्या जीव जीवभाव से प्रथम है या अप्रथम है ? अर्थात् क्या जीव प्रथमता धर्म सहित है ? पहिले जीवपना नहीं था पीछे हुवा है अथवा अनादि से है ? अहो गौतम ! जीव जीवभाव से प्रथम नहीं है अर्थात् जीवपना नया प्राप्त नहीं होता है परंतु अनादि से है. जैसे जीवपना अप्रथम है वैसे ही नरक से लेकर वैमानिक पर्यंत

जाव वेमाणिए ॥१॥ सिद्धेणं भंते ! सिद्ध भावेणं किं पढमे अपढमे? गोयमा ! पढमे णो अपढमे ॥ २ ॥ जीवाणं भंते ! जीवभावेणं किं पढमा अपढमा ? गोयमा ! णो पढमा अपढमा ॥ एवं जाव वेमाणियाणं ॥ ३ ॥ सिद्धाणं पुच्छा ? गोयमा ! पढमा णो अपढमा ॥ ४ ॥ आहारएणं भंते ! जीवे आहारभावेणं किं पढमे अपढमे? गोयमा ! णो पढमे अपढमे ॥ एवं जाव वेमाणिए ॥५॥ पोहत्तिएवि एवं चेव ॥६॥ अणाहारएणं भंते ! जीवे अणाहारभावेणं पुच्छा ? गोयमा ! सिय पढमे सिय अपढमे

चौवीस दंडक का जानना. ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! सिद्ध सिद्धभाव से क्या प्रथम है या अप्रथम है ? अहो गौतम ! सिद्ध सिद्धभाव से अप्रथम है परंतु प्रथय नहीं है. यह एक आश्री कहा अब अनेक आश्री कहते हैं. अहो भगवन् ! बहुत जीव जीवभाव से क्या प्रथम हैं या अप्रथम हैं ? अहो गौतम ! प्रथम नहीं हैं परंतु अप्रथम हैं, ऐसे ही वैमानिक पर्यंत जानना. ॥ ३ ॥ सिद्ध प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं. ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! आहारक जीव आहारभाव से क्या प्रथम है या अप्रथम है ? अहो गौतम ! प्रथम नहीं है परंतु अप्रथम है, ऐसे ही वैमानिक पर्यंत जानना. ॥ ५ ॥ बहुत जीवों का भी वैसे ही जानना. ॥६॥ अहो भगवन्! अनाहारक जीव क्या अनाहार भाव से प्रथम है या अप्रथम है? अहो गौतम ! स्यात प्रथम वैं स्यात् अप्रथम है अर्थात् कितनेक जीवों की अनाहारक होने की आदि है सिद्धवत् और

णेरइए जाव वेमाणिए णो पढमे अपढमे ॥ ७ ॥ सिद्धे पढमे णो अपढमे ॥ ८ ॥ अणाहारगाणं भंते ! जावा अणाहारगा पुच्छा, गोयमा ! पढुमावि अपढमावि, णेरइया जाव वेमाणिया णो पढमा अपढमा सिद्धा पढमा णो अपढमा ॥ ९ ॥ एक्केके पुच्छा भाणियव्वा, भवसिद्धिए एगत्तपुहत्तेणं जहा आहारए, एवं अभवसिद्धिएवि ॥ १० ॥ णो भवसिद्धिय णो अभवासिद्धियएणं भंते ! जीवे णो भव० पुच्छा ? गोयमा ! पढमे णो अपढमे ॥ ११ ॥ णो भवसिद्धिणोअभवसिद्धिएणं भंते ! सिद्धे णो भव एवं पुहत्तेणवि दोण्हवि ॥ १२ ॥ सण्णीणं भंते ! जीवे सण्णि-

कितनेक जीवों अनादि से ही अनाहारक होते आये हैं, नारकी यावत् वैमानिक के प्रथम नहीं हैं परंतु अप्रथम हैं, सिद्ध प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं ॥ ७-८ ॥ अब बहुत जीव आश्री कहते हैं. अहो भगवन् ! अनाहारक जीवों अनाहारकभाव से क्या प्रथम हैं या अप्रथम हैं? अहो गौतम! प्रथम भी हैं और अप्रथम भी है नारकी यावत् वैमानिक प्रथम नहीं है परंतु अप्रथम हैं, सिद्ध प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं ॥ ९ ॥ भव सिद्धिक व अभवसिद्धिक का एकत्व अनेकत्व का आहारक जैसे कहना ॥ १० ॥ नोभवसिद्धिक नो अभवसिद्धिक प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं. ॥ ११ ॥ ऐसे ही णो भवसिद्धिक नो अभवासिद्धिक सिद्धका

भावेणं किं पढमे पुच्छा ? गोयमा ! णो पढमे अपढमे ॥ एवं विगलिंदियवज्जं जाव वेमाणिए ॥ एवं पुहत्तेणवि ॥ असण्णी एवंचेव एगत्तपुहत्तेणं णवरं जाव वाणमंतरा णो सण्णी णो असण्णी ॥ जीवे मणुस्से सिद्धे पढमे णो अपढमे ॥ एवं पुहत्तेणवि ॥ १३ ॥ सलेस्सेणं भंते ! पुच्छा, गोयमा ! जहा आहारए एयं पुहत्तेणवि ॥ कण्हलेस्से जाव सुक्कलेस्से एवं चेव णवरं जस्स जा लेस्सा अत्थि ॥ अलेस्से णं जीवा मणुस्सा सिद्धा णो सण्णी णो असण्णी ॥ १४ ॥ सम्मद्दिट्ठीएणं भंते ! सम्मद्दिट्ठी-भावेणं किं पढमे पुच्छा ? गोयमा ! सिय पढमे सिय अपढमे. एवं एगिंदियवज्जं

एक आश्री व अनेक आश्री जानना॥१२॥अहो भगवन्! संज्ञी क्या संज्ञीभावसे प्रथम है या अप्रथम है?अहो गौतम! प्रथम नहीं है परंतु अप्रथम है. ऐसेही विकलेन्द्रिय छोडकर वैमानिक तक कहना. जैसे एक आश्री कहा वैसे अनेक आश्री जानना. असंज्ञी का भी एक आश्री अनेक आश्री ऐसे ही जानना. विशेष वाणव्यंतर तक कहना. नो संज्ञी नो असंज्ञी जीव मनुष्य व सिद्ध आश्री प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है॥१३॥ सलेशी एक व अनेक आश्री आहारक जैसे कहना. कृष्णलेशी यावत् शुक्ल लेशीका भी वैसे ही जानना. परंतु जिनमें जितनी लेश्या होवे उन में उतनी कहना. अलेशी का जीव मनुष्य व सिद्ध आश्री नो संज्ञी नो असंज्ञी जैसे कहना ॥ १४ ॥ अहो भगवन् !

जाव वैमाणिए ॥ सिद्धे पढमे णो अपढमे पुहत्तिणा जीवा पढमावि अपढमावि एवं जाव वेमाणिया ॥ सिद्धा पढमा णो अपढमा ॥ मिच्छदिट्ठीए एगत्त पुहत्तेणं जहा आहारगा, सम्मामिच्छदिट्ठीए एगत्तपुहत्तेणं जहा सम्मादिट्ठी, णवरं जस्स अत्थि सम्मामिच्छत्ते ॥ १५ ॥ संजतेजीवे मणुस्सेय, एगत्त पुहत्तेणं जहा सम्मदिट्ठी ॥ असंजए जहा आहारए ॥ संजया संजए जीवे पंचिंदियातिरिक्खजोणियमणुस्से एगत्तपुहत्तेणं जहा सम्मादिट्ठी, णोसंजए णोअसंजए, णोसंजयासंजए जीवे सिद्धेय एगत्त

समदृष्टि समदृष्टि भाव से क्या प्रथम है या अप्रथम है ? अहो गौतम ! स्यात् प्रथम है स्यात् अप्रथम है ऐसे ही एकेन्द्रिय छोडकर यावत् वैमानिक पर्यंत जानना. सिद्ध में प्रथम व अप्रथम है. अनेक जीव आश्री प्रथम भी है और अप्रथम भी है. ऐसे ही वैमानिक पर्यंत जानना. सिद्ध प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है. मिथ्यादृष्टिका एक अनेक आश्री आहारक जैसे कहना. सममिथ्यादृष्टिका समदृष्टि जैसे कहना विशेष में जिन को सममिथ्यादृष्टि होवे उन को ही कहना ॥ १५ ॥ संयातिजीव मनुष्य में एक अनेक आश्री समदृष्टि जेसे कहना. असंयाति का आहारक जैसे कहना संयतासंयाति तिर्यंच पंचेन्द्रिय व मनुष्य का एक अनेक आश्री समदृष्टि जेसे कहना. नोसंयाति नो असंयाति नोसंयतासंयाति जीव व सिद्ध में एक अनेक

पुहत्तेणं पढमे णो अपढमे ॥ १६ ॥ सकसायी कोहकसायी जाव लोभकसायी एगत्तेणं पुहत्तेणं जहा आहारए, अकसायी जीवे सिय पढमे सिय अपढमे, एवं मणुस्सेवि, सिद्धे पढमे णो अपढमे ॥ पुहत्तेणं जीवा मणुस्सा पढमावि अपढमावि, सिद्धा पढमा णो अपढमा ॥ १७ ॥ णाणी-एगत्त पुहत्तेणं जहा सम्मादिट्ठी, आभिणिबोहियणाणी जाव मणपज्जवणाणी एगत्तपुहत्तेणं एवंचेव, णवरं जस्सजं अत्थि, केवलणाणी जीवे मणुस्से सिद्धेय एगत्तपुहत्तेणं पढमा णो अपढमा ॥ अण्णाणी मइ अण्णाणी सुयअण्णाणी विभंगणाणी एगत्तपुहत्तेणं जहा आहारए

आश्री प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है ॥ १६ ॥ सकषायी क्रोधकषायी यावत् लोभ कषायी एक अनेक आश्री आहारक जैसे जानना. अकषायी जीव व मनुष्य एक आश्री स्यात् प्रथम स्यात् अप्रथम है सिद्ध आश्री प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है. अनेक आश्री जीव मनुष्य प्रथम भी हैं और अप्रथम भी हैं सिद्ध प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं ॥ १७ ॥ ज्ञानी का एक आश्री समदृष्टि जैसे कहना. आभिनिबोधिक ज्ञानी यावत् मनःपर्यव ज्ञानी का एक व अनेक आश्री भी ऐसे ही कहना. केवल ज्ञानी जीव मनुष्य व सिद्ध में एक अनेक आश्री प्रथम हैं परंतु अप्रथम नहीं हैं. मतिअज्ञानी, श्रुतअज्ञानी विभंग ज्ञानी का

॥ १८ ॥ सजोगी मणजोगी वइजोगी कायजोगी एगत्तपुहत्तेणं जहा आहारए, णवरं जस्स जो जोगो अत्थि ॥ अजोगी जीव मणुस्सा सिद्धा एगत्तपुहत्तेणं पढमा णो अपढमा ॥ १९ ॥ सागारोवउत्ता अणागारोवउत्ता एगत्तपुहत्तेणं जहा अणाहारए ॥ २० ॥ सवेदगो जाव णपुंसगवेदगो एगत्तपुहत्तेणं जहा आहारए एवं जस्स जो वेदो अत्थि; अवेदओ एगत्त पुहत्तेणं तिसुवि पदेसु जहा अकसाई ॥ २२ ॥ ससरीरी जहा आहारए, एवं कम्मग सरीरी जस्स जं अत्थि सरीरं, णवरं आहारगसरीरी एगत्तपुहत्तेणं जहा सम्मदिट्ठी, असरीरी जीवो सिद्धो एगत्त

भावार्थ

एक अनेक आश्री आहारक जैसे कहना ॥ १८ ॥ सयोगी, मन योगी, वचन योगी व काया योगी का एक व अनेक आश्री आहारक जैसे कहना. अयोगी जीव, मनुष्य व सिद्ध एक अनेक आश्री प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है॥१९॥साकारोपयुक्त व अनाकारोपयुक्त का एक अनेक आश्री आहारक जैसे कहना ॥२०॥ सवेदी यावत् नपुंसकवेदी का एक अनेक आश्री आहारक जैसे कहना. विशेषता यह कि जिन में जो वेद होवे उन में वही वेद कहना.अवेदीका एक अनेक आश्री तीनों पद में अकषायी जैसे कहना॥२२॥ सशरीरीका आहारक जैसे कहना ऐसे ही कार्माण शरीर तक जिन को जो शरीर होवे सो कहना.विशेष में

सूत्र

पुहत्तेणं पढमो णो अपढमो ॥ २३ ॥ पंचहिं पज्जत्तीहिं पंचहिं अपज्जत्तीहिं एगत्त पुहत्तेणं जहा आहारए णवरं जस्स जा अत्थि, जाव वेमाणिया णो पढमा अपढमा ॥ २४ ॥ इमा लक्खण गाहा जो जेण पत्तपुव्वो भावो सो तेण अपढमोहोई ॥ सेसेसु होइ पढमो अपत्तपुव्वेसु भावेसु ॥ १ ॥ २५ ॥ जीवेणं भंते ! जीव भावेणं किं चरिमे ? अचरिमे ? गोयमा ! णो चरिमे अचरिमे ॥२६॥ णेरइएणं भंते ! णेरइयभावेणं पुच्छा ? गोयमा ! सिय चरिमे सिय अचरिमे एवं जाव

अर्थ

आहारकशरीरी का एक अनेक आश्री समदृष्टि जैसे कहना. अशरीरी जीव सिद्ध में एक अनेक आश्री प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं है ॥ २३ ॥ पांच पर्याप्ति तथा पांच अपर्याप्ति से एक अनेक आश्री आहारक शरीर जैसे जिस को जितनी पर्यायों होवे उस को उतनी कहना. यावत् वैमानिक में प्रथम है परंतु अप्रथम नहीं हैं ॥२४॥ अब यहांपर प्रथम अप्रथम के लक्षणवाली गाथा कहते हैं. जो जीवादि भाव जिस जीवत्वादि भाव मे पूर्वभाव पर्याय को पाया वह जीवादि उस जीवत्वादिभाव से अप्रथम है और इस से अन्य प्रथम है ॥ २५ ॥ अहो भगवन् ! जीव जीवभाव मे क्या चरिम या अचरिम है ? अहो गौतम ! जीव जीवभाव से चरिम नहीं है परंतु अचरिम है. क्योंकि जीव का अन्य स्वरूप नहीं होता है ॥ २६ ॥ अहो भगवन् ! नारकी नरकभाव से क्या चरिम है या अचरिम है ? अहो गौतम ! नारकी स्यात्

वेमाणिए, सिद्धे जहा जीवे ॥ जीवाणं पुच्छा, गोयमा! जीवा णो चरिमा अचरिमा ॥ णेरइया चरिमावि अचरिमावि एवं जाव वेमाणिया सिद्धा जहा जीवा ॥ २७ ॥ आहारए सव्वत्थ एगत्तेणं सिय चरिमे सिय अचरिमे, पुहत्तेणं चरिमावि अचरिमावि ॥ अणाहारओ जीवो सिद्धो एगत्तेणवि पोहत्तेणवि णो चरिमो, अचरिमो, सेसट्ठाणेसु एगत्तपुहत्तेणं आहारओ ॥ २८ ॥ भवसिद्धीओ जीवपदे एगत्तपोहत्तेणं चरिमे

चरिम है स्यात् अचरिम हैं क्यों कि जो नारकी नरकगति में उत्पन्न होकर पुनः वहां मे नीकले पीछे नरक में उत्पन्न होते हैं वे अचरिम हैं. और नरक में से नीकले पीछे सिद्ध होजाते हैं. वे चरिम हैं. ऐसे ही वैमानिक पर्यंत कहना. सिद्ध का समुच्चय जीव जैसे कहना. यह एक जीव आश्री पृच्छा हुई, अब बहुत जीव आश्री पृच्छा करते हैं. अहो भगवन् ! बहुत जीव क्या चरिम हैं या अचरिम हैं ? अहो गौतम ! बहुत जीव चरिम नहीं हैं परंतु अचरिम हैं. नारकी चरिम अचरिम दोनों हैं ऐसे ही वैमानिक तक सब दंडक का जानना. सिद्ध का समुच्चय जीव जैसे कहना ॥ २७ ॥ आहारक सबस्थान एक जीव आश्री स्यात् चरिम व स्यात् अचरिम है. मोक्ष में जाने वाले चरिम और संसार में परिभ्रमण करने वाले अचरिम. अनेक आश्री चरिम अचरिम दोनों हैं अनाहारक जीव व सिद्ध एक अनेक आश्री चरिम नहीं है परंतु अचरिम है. शेष स्थान में एक अनेक आश्री आहारक जैसे कहना ॥ २८ ॥ भवसिद्धिक एक अनेक आश्री जीवपद में

णो अचरिमे, सेस ट्ठाणेसु जहा आहारओ । अभवसिद्धीओ सव्वत्थ एगत्त पुहत्तेणं णो चरिमे अचरिमे. णो भवसिद्धीय णो अभवसिद्धीय, जीवा सिद्धाय एगत्तपुहत्तेणं जहा अभवसिद्धीओ ॥ २८ ॥ सण्णी जहा आहारओ, एवं असण्णीवि, णो सण्णी णो असण्णी जीवपदे सिद्धपदेय अचरिमो, मणुस्सपदे चरिमो, एगत्त पुहत्तेण ॥ ३० ॥ सलेस्सो जाव सुक्कलेस्सा जहा आहारओ णवरं जस्स जा अत्थि, अलेस्सा जहा णो सण्णी, णो असण्णी ॥ ३१ ॥ सम्मदिट्ठी जहा अणाहारओ, मिच्छदिट्ठी आहारओ, सम्मामिच्छादिट्ठी एगिंदिय विगलिंदियवज्जं सिय

चरिम है परंतु अचरिम नहीं है क्यों की भव्यसिद्धिक अवश्य मेव मोक्ष जावेगे. शेष सब स्थान आहारक जैसे कहना. अभवसिद्धिक सब स्थान एक अनेक आश्री चरिम नहीं है परंतु अचरिम है. नो भव्यसिद्धिक नोअभव्यसिद्धिक जीव व सिद्ध में एक अनेक आश्री अभव्य सिद्धिक जैसे कहना. ॥ २९ ॥ संज्ञी असंज्ञी का आहारक जैसे कहना. नो संज्ञी नो असंज्ञी जीवपद में व सिद्धपद में एक अनेक आश्री अचारिम व मनुष्य पद में चरिम कहना. ॥ ३० ॥ सलेशी यावत् शुक्ल लेशी का अपनी २ लेश्या सहित आहारक जैसे कहना. अलेश्या का नोसंज्ञी नोअसंज्ञी जैसे कहना. ॥३१॥ समदृष्टि का अनाहारक मिथ्यादृष्टि का आहारक और सममिथ्यादृष्टि का एकेन्द्रिय

चरिमे ॥ सिय अचरिमे पुहत्तेणं चरिमोवि अचरिमोवि ॥ ३२ ॥ संजओ जीवो मणुस्सो जहा आहारओ, असंजओवि तहेव ॥ संजयासंजओवि तहेव, णवरं जस्स जं अत्थि ॥ णोसंजया णोअसंजया णोसंजया संजया, जहा णोभवसिद्धीय णो अभवसिद्धीय ॥ ३३ ॥ सकसाई जाव लोभकसायी सव्वट्ठाणेसु जहा आहारओ। अकसायी जीवपदे सिद्धपदेय णो चरिमो, अचरिमो, मणुस्सपदे सिय चरिमो सिय अचरिमो, ॥ ३४ ॥ णाणी जहा सम्मदिट्ठी सव्वत्थ आभिणिबोहियणाणी जाव मणपज्जवणाणी जहा आहारओ णवरं जस्स जं अत्थि, केवलणाणी जहा णो

